संदेश

ईस्टर के पावन अवसर पर, मैं सभी देशवासियों, विशेषकर भारत और विदेश में रहने वाले ईसाई समुदाय के सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

यीशु मसीह के पुनर्जीवन का पवित्र दिन ईस्टर हमारे हृदय में खुशी और धैर्य का भाव जगाता है। यीशु की शिक्षाएं विभिन्न पंथों के बीच समानता का मार्ग दिखाएं और शांति व भाईचारे को बढ़ावा दें।

मुझे विश्वास है कि यह पर्व हमारे अन्दर एकता की भावना पैदा करेगा और हमारे राष्ट्र के साथ-साथ हमारे साझे समाज की बेहतरी तथा समृद्धि के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करेगा।